मंदिर के पट खोल भगत तेरे द्वार खड़े

मंदिर के पट खोल भगत तेरे द्वार खड़े,
द्वार खड़े तेरे द्वार खड़े,
ओ बाबा...
कुछ तो मुख से बोल भगत तेरे द्वार खड़े,
मंदिर के पट खोल भगत तेरे द्वार खड़े....

दर्शन की अभिलाषा भारी,
दर्श दिखाओ श्याम बिहारी,
दर्शन तेरे अनमोल भगत तेरे द्वार खड़े,
मंदिर के पट खोल भगत तेरे द्वार खड़े....

मन की बात कहेंगे तुमसे,
क्यों नारज हुए तुम हमसे,
मत कर टाल मटोल भगत तेरे द्वार खड़े,
मंदिर के पट खोल भगत तेरे द्वार खड़े.....

एक सहारा श्याम तुम्हारा,
इस दुनिया में तू ही हमारा,
करते नहीं मखोल भगत तेरे द्वार खड़े,
मंदिर के पट खोल भगत तेरे द्वार खड़े....

श्याम सुन्दर मत और सताओ,
पट खोलो दर्शन दिखलाओ,
कुछ नहीं लगना मोल भगत तेरे द्वार खड़े,
मंदिर के पट खोल भगत तेरे द्वार खड़े,
द्वार खड़े तेरे द्वार खड़े,
ओ बाबा..
कुछ तो मुख से बोल भगत तेरे द्वार खड़े,
मंदिर के पट खोल भगत तेरे द्वार खड़े......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30089/title/mandir-ke-pat-khol-bhagat-tere-dwar-khade

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |